प्रादेशिक समाचार

28.02.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

राज्य के शहरी निकायों में नारी शक्ति का उदय हुआ है। राज्य के 48 नगर निकायों के चुनाव परिणामों में महिलाओं ने अपना परचम लहराते हुए 22 प्रमुख सीटों पर कब्जा जमाया है। राजधानी रांची से लेकर जमशेदपुर के मानगो और कोयलांचल के गिरिडीह तक, अब शहर की सरकार महिलाओं के हाथों में होगी।

****

धनबाद नगर निगम में महापौर पद के लिए हुए चुनाव के बाद मतों की गिनती जारी है। चौथे राउंड की मतगणना के बाद संजीव सिंह 54 हजार से अधिक वोटों के साथ पहले स्थान पर जबकि चंद्रशेखर अग्रवाल साढ़े 37 हजार वोटों के साथ दूसरे स्थान पर चल रहे हैं। अब अगले राउंड पर सबकी नजरें टिकी हैं।

****

बोकारो के चास नगर निगम में महापौर पद पर भोलू पासवान ने दोबारा कब्जा जमा लिया है। कड़े मुकाबले में उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी अविनाश कुमार को 2 हजार 969 मतों से पराजित किया।

****

हजारीबाग नगर निगम चुनाव में जीत की एक अनोखी इबारत लिखी गई है। पेशे से पत्रकार अरविंद राणा ने जनसहयोग और चंदे से जुटाए पैसों के बल पर मेयर पद पर शानदार जीत दर्ज की है। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी सरफराज अहमद को करीब 4 हजार 657 मतों से पराजित किया।

****

दूरदर्शन केंद्र रांची यानी डीडी झारखंड की ओर से आज डीडी संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस मंच पर राज्य के ज्वलंत मुद्दों, विकास योजनाओं और सामाजिक सरोकारों पर चर्चा हो रही है। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ और नीति निर्धारक शामिल हैं। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड राज्य प्राकृतिक संसाधनों में अग्रणी है। हमारा राज्य जिस सक्रियता से आगे बढ़ रहा है, उससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विकसित भारत का विजन साकार होगा।

****

देशभर में आज से सर्वाइकल कैंसर के खिलाफ सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान शुरू हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान के अजमेर से इस राष्ट्रव्यापी मुहिम का शुभारंभ किया। इस अभियान के तहत 9 से 14 वर्ष की किशोरियों को एचपीवी का टीका मुफ्त लगाया जाएगा।

इस राष्ट्रव्यापी अभियान की शुरुआत करते हुए श्री मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार का लक्ष्य है कि आने वाले तीन वर्षों में करीब 1.15 करोड़ लड़कियों को इस सुरक्षा कवच से जोड़ा जाए।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज अपने एक दिवसीय दौरे पर चतरा पहुंच रहे हैं। मुख्यमंत्री यहां एक निजी कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके अलावा वे जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम और एक निजी होटल में आयोजित संगठनात्मक कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे।

****

चतरा के विकास भवन में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को डिजिटल दुनिया, मानसिक स्वास्थ्य और साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। इस मौके पर बाल संरक्षण पदाधिकारी अरूणा प्रसाद ने वर्तमान चुनौतियों पर विचार साझा किया।

**********समाप्त**********